पद : वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी (पर्यावरण एवं सुरक्षा) **पद कोड : SPO-07**

कुल पद : 01 [एक]

वेतनमान : अनुभव और योग्यता के आधार पर समेकित शुल्क 75,000 रुपये से 2,40,000/- रुपये प्रति माह के मध्य।

कार्य विवरण : वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी (पीओ) बाइरैक में i3 कार्यक्रम हेतु कार्यक्रम प्रबंधन इकाई में कार्य करेंगे। इस हेतु वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी को मिशन निदेशक-पीएमयू को रिपोर्ट करना होगा जिससे अधिकारी को कार्यक्रम के विभिन्न घटकों से जुड़े व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरणीय पहलुओं की पहचान, मूल्यांकन, निगरानी और अनुपालन का मूल्यांकन करने का अवसर प्राप्त होगा।

अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि विश्व बैंक सुरक्षा और पर्यावरण सुरक्षा उपायों सहित कार्यक्रम घटकों के लिए प्रासंगिक उत्पाद विकास और व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरणीय आवश्यकताओं पर समेकित ढांचा परियोजना कार्यान्वयन के दौरान उपलब्ध है।
नियुक्ति 'सेवा के लिए अनुबंध' के तहत प्रारम्भ में तीन (03) वर्ष की अवधि या परियोजना की समाप्ति, जो भी पहले हो, के लिए होगी। परियोजना की वर्तमान अवधि जून'2024 तक है। अनुबंध का नवीनीकरण परियोजना के विस्तार या संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर सेवा जारी रखने की आवश्यकता पर निर्भर करेगा।

मुख्य उत्तरदायित्व :

- राष्ट्रीय बायोफार्मा मिशन के तहत वित्त पोषित प्रस्तावों से जुड़े पर्यावरणीय और स्वास्थ्य जोखिम मुद्दों का विश्लेषण करना। यह विश्लेषण सामान्य व्यवसाय स्वास्थ्य और सुरक्षा, बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन, खतरनाक अपशिष्ट, ई-कचरा और बैट्री आदि से संबंधित क्षेत्रों हेतु किया जाएगा।
- सुरक्षा और पर्यावरण मूल्यांकन एवं प्रस्ताव के मूल्यांकन हेतु सभी के लिए आवश्यक पर्यावरण संबंधी सम्पूर्ण नियामक मंजूरी सुनिश्चित करना।
- राष्ट्रीय बायोफार्मा मिशन के तहत वित्त पोषित अनुदान प्राप्तकर्ताओं के लिए सभी आवश्यक परियोजना जोखिम प्रबंधन योजनाएं, पर्यावरण एवं सुरक्षा जोखिम प्रबंधन योजना और समझौते तैयार करने के लिए पर्यावरण एवं कानून विशेषज्ञ के साथ काम करना।
- नवीन एवं वर्तमान में चल रही परियोजनाओं के सभी पर्यावरण एवं सुरक्षा पहलुओं का समन्वय तथा प्रशासन।
- कार्यक्रम अधिकारी द्वारा मिशन से संबंधित अभूतपूर्व समस्याओं एवं प्रश्नों हेतु उत्साह, विनम्रता और आलोचनात्मक सोच का प्रदर्शन।
- तकनीकी सलाहकार समूहों, बाइरैक, डीबीटी, पर्यावरण विशेषज्ञों और विश्व बैंक के सदस्यों सहित अनुदान प्राप्तकर्ताओं तथा प्रमुख हितधारकों के साथ काम एवं संवाद करना।

अनिवार्य योग्यता :

• एम.एससी./एम.टेक पर्यावरण जैव प्रौद्योगिकी या पर्यावरण इंजीनियरिंग।

वांछनीय योग्यता :
• सुरक्षा पहलुओं में डिप्लोमा।
• पर्यावरण प्रबंधन और सुरक्षा पहलुओं में एक वर्ष का अनुभव।

अनुभव :
• 04-05 वर्ष का कार्य अनुभव। पर्यावरण विधानों एवं नियमों की अच्छी जानकारी रखने वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी।

आयु सीमा - आवेदन समाप्त होने की तिथि पर 35 वर्ष।